पूर्व मध्य रेल

महाप्रबंधक (का0) कार्यालय
हाजीपुर,
दिनांक 25.01.2016

सं0 ईसीआर/आईआरडब्लू/2016/आरडब्लूए/म.प्र.स्तर

मंडल रेल प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, धनबाद, दानापुर, मुगलसराय, सोनपुर एवं समस्तीपुर

मुख्य कारखाना प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल,प्लांट डिपो/मुगलसराय, यांत्रिक कारखाना/समस्तीपुर एवं
सी.आर.डब्ल्यू/हरनौत

उपमुकाधि/निर्माण, पूमरे, महेन्द्रूघाट, पटना

विषयः महाप्रबंधक स्तर पर 61वां रेल सप्ताह पुरस्कार, 2016।

महाप्रबंधक स्तर पर 61वां रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह का आयोजन अप्रैल के द्वितीय सप्ताह , 2016 में प्रस्तावित है। आपको सूचित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ रेलकर्मियों की अनुशंसा प्रधान विभागाध्यक्षों के माध्यम से मुख्यालय को भेजें जो इस अवसर पर पुरस्कृत करने योग्य हों। ऐसे कर्मियों की अनुशंसा की जाये जिन्होंने अपनी सेवा के दरम्यान उच्च–स्तरीय दक्षता का परिचय दिया हो। रेलकर्मियों को कुशाग्रता प्रमाण–पत्र, पदक से अलंकृत करने की योजना है।

अनुशंसा प्रेषित करने हेतु कर्मचारियों के चयन के लिए निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान देना आवश्यक है:–

(क) ऐसे कर्मचारियों ने रेल परिचालन में नई पद्वति, प्रकिया के तहत उल्लेखनीय कार्य किया हो। आर्थिक क्षेत्र में, उत्पादकता के क्षेत्र में एवं माल ढुलाई के क्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय दिया हो।

(ख) रेल राजस्व की सुरक्षा एवं उपभोक्ताओं के जान–माल की सुरक्षा से संबंधित कार्य में अपनी दक्षता का परिचय दिया हो।

(ग) रेल संपत्ति की चोरी रोकने एवं आय बढ़ाने तथा बिना टिकट यात्रा रोकने की दिशा में विशिष्ट कार्य किया हो।

(घ) परिचालन को सुधारने, सुरक्षा एवं संरक्षा के क्षेत्र में तथा रेल के संसाधनों के रख–रखाव में उल्लेखनीय कार्य किया हो।

(ङ) निश्चित अवधि के पूर्व प्रायोजित कार्यों का संपादन कर लक्ष्य प्राप्त किये हों।

(च) राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में, अतिविशिष्ट योगदान दिया हो।

(छ) वैसे रेलकर्मी जिन्हें महाप्रबंधक स्तर पर तीन वर्ष के अंदर पुरस्कृत किया गया है, उनकी अनुशंसा की पुनरावृति न की जाये।

2. साधारणतया ग्रुप 'सी' एवं 'डी' के कर्मियों की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जाये। अपवादस्वरूप कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड एवं सेलेक्शन ग्रेड तक के अधिकारियों की अनुशंसा की जा सकती है जिन्होंने रेल सेवा में उल्लेखनीय कार्य किया हो।

3. अनुशंसा हिंदी में, 100 से 125 शब्दों में, तीन प्रतियों में एवं अनुशंसित कर्मियों की तीन रंगीन फोटो के साथ विहित प्रारूप में प्रेषित की जाये। यह सुनिश्चित किया जाय कि उनके विरूद्ध कोई अनुशासनिक मामला अथवा सतर्कता/एसपीई संबंधित मामले लंबित न हो। संलग्न फॉर्मेट में संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के संबंध में वांछित विवरण भी दें।

4. अनुशंसा को मुहर बंद लिफाफे में संबंधित विभागाध्यक्ष को दिनांक 03.03.2016 तक अवश्य भेज दें। इसकी एक प्रति अद्योहस्ताक्षरी के पास भी भेजें। दिनांक 03.03.2016 के पश्चात् प्राप्त अनुशंसाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। इसे ईसीआर के ऑफिसियल बेबसाइट पर भी अपलोड किया जाता है।

संलग्नकः प्रारूप

(सूर्य नारायण)
वकाधि/औ. सं. एवं क.
कृते महाप्रबंधक (कार्मिक)/हाजीपुर

प्रतिलिपिः सचिव/महाप्रबंधक – महाप्रबंधक महोदय को सादर सूचनार्थ ।
निजी सचिव/अपर महाप्रबंधक– अपर महाप्रबंधक महोदय को सादर सूचनार्थ ।
मुपरिप्र, मुयाइं, मुप्रअधि/निर्माण/उत्तर तथा दक्षिण एवं जीईएलएफ, प्रमुइं, विसमुलेधि, मुवाप्र, मुसिदूई, मुकाधि, मुचिनि, मुविइं, मुसुआ, मुसंधि, मुराधि, भनिक, वरि. उपमहाप्रबंधक एवं सीपीआरओ को सूचनार्थ एवं इस निवेदन के साथ कि एकत्रित अनुशंसाओं (मंडल रेल प्रबंधकों एवं कारखाना प्रबंधकों द्वारा विधिवत भेजे गये नामों) एवं अपने अधीनस्थ कर्मियों की अनुशंसाओं को अद्योहस्ताक्षरी को दिनांक 10.03.2016 तक अवश्य भेज दें ताकि नामों को महाप्रबंधक महोदय के अनुमोदन हेतु समय से प्रस्तुत किया जा सके।
उपमहाप्रबंधक/सामान्य एवं विधि – को सूचनार्थ।
सकाधि/~~एमपीपी~~– कृपया इसे नेट पर अपलोड करे।
संलग्नकः प्रारूप

25/01/2016
कृते महाप्रबंधक (कार्मिक)/हाजीपुर

61वां रेल सप्ताह पुरस्कार (महाप्रबंधक स्तर), 2016 हेतु अनुशंसा
(तीन प्रतियों में भरा जाना है)

पासपोर्ट आकार का
कलर फोटो चिपकायें

1	नाम (हिन्दी एवं अंग्रेजी में)	:
2	पदनाम (ग्रुप ए, बी, सी, डी)	:
3	विभाग एवं पीएफ सं0	:
4	मंडल/उत्पादन इकाई का नाम	:
5	कार्यालय का पता	:
6	जन्म तिथि	:
7	रेल सेवा में पदस्थापना की तिथि	:
8	राजपत्रित संवर्ग में पदस्थापना की तिथि	:
9	वर्तमान वेतन एवं वेतनमान	:
10	क्या डीएआर/विजलेंस क्लीयरेंस लिया गया है (संलग्न फॉर्मेट में वांछित विवरण भी दें)	:
11	हाल में इस तरह का या दूसरा पुरस्कार दिया गया है तो उसका विवरण	:
12	पदस्थापना तिथि से समय–समय पर जिन–जिन पदों पर रहे हैं, उसका विवरण	:

अनुशंसा (100 से 125 शब्द, हिन्दी में)

(7)

PROFORMA FOR VIGILANCE CLEARANCE								
Sl. No.	Name (Sri/Smt)	Designation	Place of Posting	Lien	DOB	DOA in Rly	Railway(S) where the official was posted during last 05 years (with date)	Purpose of obtaining SPE/Vig. Clearance.